IMPORTANT UPDATES FOR RESIDENTS – 2 DEC 2015

प्रिय सह-निवासियों,
आपके सहयोग और विश्वास के लिए आपका ह्रदय से धन्यवाद| आपकी SGRWA टीम की ओर से कुछ महत्वपूर्ण उप्लब्धियाँ एवं जानकारी आपके समक्ष प्रस्तुत है:

1) बोरेवेल / पानी की समस्या: आपको पता है हमारे यंहा बिल्डर ने हमारे घरो के लिए सिर्फ एक बोरेवेल लगाया है जो जुलाई में २ बार ख़राब हुआ था और इसके लिए तभी से हम नए बोरेवेल की मांग कर रहे थे, उसके लिए रेसिडेंट्स से अनुमति लेने के लिए AGM भी बुलाई थी जिसमे कुछ रेसिडेंट्स के निजी कारणों की वजह से प्रस्ताव नहीं हुआ था| अब वही बोरेवेल 27 NOV की शाम को पूर्णतय फ़ैल हो गयी ओर बिल्डर नयी बोरेवेल करने के लिए SGRWA/रेसिडेंट्स से पैसे मांगने लगा, हमारे निरंतर प्रयास ओर दृढ-पूर्ण निर्णय "**रेसिडेंट्स की जेब से कोई अतिरिक्त पेमेंट बिल्डर को नहीं**" की वजह से बिल्डर ने मॉल से पानी टैंक में डालकर घरो में पानी देनी की वैकल्पिक व्यवस्था की| प्रयास नाकाफी होने पर बिल्डर ने **हमसे रेसिडेंट्स के खर्चे पर टैंकर्स** मंगवाने के लिए कहा जिसका हमारे ही कुछ रेसिडेंट्स ने समर्थन भी किया, लेकिन हम करीब **२० रेसिडेंट्स (सीनियर सिटीजन एंड लेडीज)** को लेकर 30 NOV को GDA गए और पानी समस्या हर अधिकारी के सामने रखी, अधिकारियों ने **बिल्डर को अपने खर्चे पर तुरंत बोरेवेल लगवाने और तब तक नॉन-स्टॉप टैंकर्स की व्यवस्था** करने के लिए कहा और GDA के टैंकर्स की सप्लाई भी चालू करा दी जिसका बिल् GDA बिल्डर को भेजेगा| हमारे निरंतर प्रयासों से, पहले के एकदम विपरीत आपको बिना अतिरिक पेमेंट के टैंकर्स भी मिला और नयी बोरेवेल भी, आपके सहयोग और धैर्य के लिए धन्यवाद| हम जल्द ही फिर से GDA अधिकारियों से मिलकर बिल्डर द्वारा एक स्टैंड बाई बोरेवेल की मांग करेंगे|

2) सीपेज एवं बिल्डिंग की पेंटिंग: महीनो के होमवर्क और दर्जनों कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ सर्वे ओर विस्तृत चर्चाओं के उपरान्त हमने 1 NOV 2015 को पब्लिक मीटिंग में पेंटिंग पर विस्तृत अपडेट दी और पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर देते हुए, अतिरिक 2 दिन और पार्क में पेंटिंग सम्बंधित हेल्पडेस्क लगायी| 20 NOV 2015 में "**हिन्दुस्तान टाइम्स एवं नवभारत टाइम्स**" में इस कार्य के लिए 'Specification/Budget etc' निर्धारित करते हुए टेंडर्स निकाले जिसकी अंतिम तिथि 3 DEC 2015 है| साथ ही हमने पेंटिंग के लिए RS. 5000 नवम्बर मेंटेनेंस बिल में लगाकर भेजा ताकि टेंडर के बाद हमारे पास फण्ड हो जिसको हम चुने हुए कांट्रेक्टर को देकर कार्य प्रारंभ करा सकें| 200 से अधिक ओनर्स ने अपना पेमेंट कर दिया है और आपसे आशा है की आप सभी अपना पेंटिंग का पेमेंट जल्द करा दे ताकि ये कार्य आगे बढाया जा सके, आपका अगला बिल टेंडर के बाद काम स्टार्ट होने पर Per SQFT के हिसाब से आएगा|

3) मेंटेनेंस एवं हैण्डओवर (JIDPL): जैसा कि हमने आपको कहा था के हमने अलग-अलग **2 High Court WRIT**, 1) मेंटेनेंस एवं Defeciencies (DG/LIFTS/WATER/SEEPAGE etc) को दूर करके मेंटेनेंस हैण्ड ओवर SGRWA को करने, 2) JIDPL द्वारा दाखिल डीड ऑफ़ डिक्लेरेशन में हमारे ऑब्जेक्शन बिन्दुओं को सही कराकर, तथा रेसिडेंट्स का एरिया / बिल्डर का एरिया क्लियर करके जिसमे हाई कार्ट के निर्देशों पर आधारित एक कानूनी पेंच के हिसाब से शौपिंग मॉल भी रेसिडेंट्स का एरिया घोषित करने की मांग थी, के उपरान्त बिल्डिंग का हैण्डओवर बिल्डर से SGRWA को करने की मांग थी| हमारी इन WRIT PETITIONS पर High Court से हमे दोनों आर्डर (***High Court Order dt. Nov 20, 2015 passed in Writ C No. 63524 of 2015 & Order dt. Nov 2, 2015 passed in Writ C No. 60983 of 2015***) प्राप्त हो चुके है, जिसके बेस पर हमने अपने **2 मजबूत ज्ञापन 30 NOV को GDA में दिये** और इन आदेशो को लागू करने की मांग की, इस पर GDA ने हमे दोनों पक्षों की जल्द मीटिंग कराकर यह कार्य पूर्ण करने का आश्वाशन दिया| आपमें से कोई भी हमारे साथ मीटिंग में चलकर सोसाइटी के वेलफेयर में की जाने वाली इस ऐतिहाशिक कार्यवाही में सहयोग दे सकता है| किसी भी बिंदु पर विस्तृत जानकारी के लिए SGRWA टीम से आप संपर्क करके मीटिंग कर सकते है|

MANY MORE ACTIVITIES LONG PENDING DUE TO SHORT OF FUNDS / UNAVAILABILITY OF PREVIOUS BANKS, SHALL BE TAKEN CARE SOON IN THE INTEREST OF SOCIETY.

- Yours Sincerely, (SGRWA TEAM)